प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेलों में 71 हजार नवचयनितों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे–अजमेर और जोधपुर में भी इन मेलों का आयोजन हो रहा है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक की–आगामी बजट से पहले इन घोषणाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए ।

- प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 40 लाख 62 हजार से ज्यादा मामलों का आपसी राजीनामे से निस्तारण किया गया।

- राज्य में आज से सड़क सुरक्षा जन चेतना अभियान चलाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रोजगार मेलों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 71 हजार नवचयनित कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। वे इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। ये मेले देश के 45 स्थानों पर आयोजित किये जा रहे है। प्रदेश में अजमेर और जोधपुर में रोजगार मेले लगाये जा रहे है। जोधपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय में आयोजित मेले में केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत 200 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

......

इधर अजमेर के सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे।

......

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चालू वर्ष की बजट घोषणाओं को आगामी बजट से पहले धरातल पर लागू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी जवाबदेही के साथ प्रदेश को विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाएं। श्री शर्मा कल जयपुर में वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बिजली–पानी उपलब्ध कराने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में ब्राह्मणी नदी बांध परियोजना से दक्षिणी से पश्चिमी राजस्थान तक के क्षेत्रों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा। उन्होंने जल संसाधन विभाग को योजना पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यातायात नियमों के संबंध में जन–जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल सुविधा के बेहतर प्रबंधन के लिए जनस्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग को समर कंटीजेंसी प्लान पर काम शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों और वंचित वर्ग की सुविधाओं के लिए जामडोली में स्वयं सिद्धा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के काम में तेजी लाने को कहा। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव और शासन सचिव मौजूद रहे।

.....

कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और बूंदी के रामगढ़ विषधारी अभयारण्य को पांच बाघ बाधिन मिलने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व से मुकुंदरा हिल्स में तीन बाघ और रामगढ़ में दो बाधिन लाई जायेंगी। हमारे कोटा संवाददाता के अनुसार इन्हें 5 से 7 जनवरी के बीच शिफ्ट कराए जाने की योजना है। इस बीच सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग

के आस–पास हाल ही में बाघिन और शावकों को देखे जाने के बाद आज भी दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों को रोका गया है। उप वन संरक्षक प्रथम रामानंद भाकर ने बताया कि बाघिन टी–84 का अपने दल के साथ 32 खम्भे की छतरी, बादल महल और लक्ष्मीनारायण मंदिर क्षेत्र में मूवमेन्ट बना हुआ है।

......

प्रदेशभर में आयोजित इस साल की चौथी और आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत में 40 लाख 62 हजार से ज्यादा मामलों का आपसी राजीनामे से निस्तारण किया गया। इनमें 7 लाख 28 हजार से ज्यादा लंबित मामले थे। इन मामलों के निस्तारण से कुल 11 अरब 75 करोड़ 64 लाख स` ज्यादा रूपये के अवॉर्ड पारित किये गये। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार लोक अदालत का कल उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ में तथा सभी जिला और मजिस्ट्रेट अदालतों अधिकरणों, आयोगों,उपभोक्ता मंचों और राजस्व न्यायालयों में आयोजन किया गया था।

.......

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में आज से सड़क सुरक्षा जन चेतना अभियान चलाया जा रहा है। युवा मामले और – खेल विभाग के शासन सचिव तथा राजस्थान युवा – बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया कि यह अभियान 30 दिसंबर तक चलाया जायेगा। जयपुर ग्रामीण से हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान कई रोचक कार्यक्रमों के जरिये लोगों को जागरूक किया जायेगा।

.......

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। राजधानी जयपुर में इसके असर से बादल छाये हुए है। वहीं श्रीगंगानगर, नागौर और बीकानेर में देर रात बूंदाबांदी हुई। हनुमानगढ़ में कहीं रिमझिम तो कहीं मध्यम बारिश हो रही है। भीलवाडा और भरतपुर में बादल छाये हुए है। जैसलमेर में सर्द हवाओं से ठण्ड का असर बढ गया है।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 26–27 दिसम्बर को एक और पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जगह मावठ के आसार है। विभाग के निदेशक राधश्याम शर्मा ने बताया कि इसके बाद न्यूनतम तापमान में कमी आने की संभावना है।

....